भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1037

28 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटीज़ मिशन के अंतर्गत परियोजनाएं

1037 श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:

श्री आनन्द शर्मा:

श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) स्मार्ट सिटीज़ मिशन (एससीएम) के अंतर्गत जून, 2021 तक कुल कितनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं;

(ख) जून, 2021 की स्थिति के अनुसार कुल कितनी परियोजनाओं के लिए कार्य आदेश जारी किए गए हैं;

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा पांच वर्षों की अवधि में 48,000 करोड़ रू खर्च करने की प्रतिबद्धता के प्रति जून, 2021 की स्थिति के अनुसार कितनी धनराशि जारी की गई है;

(घ) क्या सरकार वर्ष 2021 में स्मार्ट सिटीज़ मिशन के अंतर्गत चुने गए शहरों के पहले दौर के लिए परियाजनाओं को पूरा करने की अपनी निर्धारित समय-सीमा को पूरा करने का इरादा रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस संबंध में प्रस्तावित संशोधित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) जनवरी 2016 से जून 2018 तक 4 दौर की प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए 100 शहरों में लागू किया जा रहा है। 30 जून 2021 की स्थिति के अनुसार इन शहरों ने 1,79,413 करोड़ रुपये लागत वाली 5,956 परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी की हैं; जिनमें से 1,48,029 करोड़ रुपये लागत वाली 5,314 परियोजनाओं के लिए कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 46,769 करोड़ रुपये की लागत वाली 2,734 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

(ग) केंद्र सरकार ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को उनके स्मार्ट शहरों के लिए जून, 2021 तक 23,925 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

(घ) और (ङ) जनवरी, 2016 में दौर -1 में चयनित 20 स्मार्ट शहरों में परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है।

(करोड़ रू में)

स्मार्ट सिटी	निविदा चरण		कार्य आदेश चरण		पूर्ण कार्य		कुल परियोजनाएं	कुल लागत
	परियोजनाओं की संख्या	लागत	परियोजनाओं की संख्या	लागत	परियोजनाओं की संख्या	लागत		
दौर 1 के शहर(20 शहर)	**127**	**11,750**	**548**	**26,966**	**1,119**	**18,408**	**1,794**	**57,124**

(एससीएम- भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली,30 जून 2021)

57,124 करोड़ रुपये लागत की 1794 परियोजनाओं में से, जो दौर-1 में चयनित स्मार्ट शहरों की स्मार्ट सिटी योजनाओं का हिस्सा थीं, 45,374 करोड़ रुपये (79%) लागत की 1667 परियोजनाएं (93%) या तो पूरी हो चुकी हैं या कार्यान्वयनाधीन हैं। इन शहरों में शुरू की गई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

*****